सुविचार

भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप आज क्या कर रहे हैं।

–महात्मा गांधी

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज *Published from Ranchi*

Ranchi ● Tuesday, 28 January 2025 ● Year : 03 ● Issue : 15 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12

Janhvi Kapoor Sidharth...

SHARE

संसेक्स	:	75,366.17
निफ्टी	:	22,829.15

SARAFA

सोना	:	7,720
चांदी	:	104.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

हाईकोर्ट ने सीएस को अवमानना नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या पूर्व में दिए गए आदेशों का पालन किया गया है। जब अदालत को बताया गया कि आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है, तो उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने अपना पक्ष रखा। मिश्रा ने अदालत को बताया कि पहले दिए गए आदेशों का पालन नहीं किया गया और राज्य सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। कोर्ट का यह कदम सरकार की ओर से आदेशों की अवहेलना को लेकर एक कड़ा संदेश है। अदालत का कहना है कि यदि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

भूमि अधिग्रहण विस्थापित व पुनर्वास किसान समिति की पीआईएल पर सुनवाई

- पहले के दिए आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने जताई सख्त नाराजगी
- एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को कोर्ट ने बताया नियम विरुद्ध

विस्थापित किसानों के अधिकारों का सवाल

यह मामला इस समय सुर्खियों में है, क्योंकि इससे न केवल भूमि अधिग्रहण और विस्थापित किसानों के अधिकारों का सवाल जुड़ा हुआ है, बल्कि सरकारी नीतियों के पालन में भी गंभीर सवाल उठते हैं। सरकार के लिए यह अवसर है कि वह अपनी नीतियों और कार्यप्रणालियों पर पुनः विचार करे और अदालत के आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। अदालत ने इस मामले में सुनवाई को आगामी तारीख तक स्थगित किया है और उम्मीद जताई है कि सरकार इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करेगी।

मनरेगा घोटाला : आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ दायर जनहित याचिका निष्पादित

सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई पूरी कर सोमवार को जनहित याचिका निष्पादित करते हुए मामला बंद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। उल्लेखनीय है कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में 200 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी की डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया। अरुण कुमार दुबे ने आरोप लगाया था कि एसीबी से पूरे मामले की जांच कराई गई, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गई। उपायुक्त द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की ईडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दायर कर खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी।

पुलिस व एसीबी ने की जांच, चार्जशीट भी हो चुकी है दाखिल, खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज की गई थीं 16 प्राथमिकियां

200 करोड रुपये से अधिक की गड़बड़ी का मामला भूमिका की जांच करने के लिए दाखिल हुई थी पीआईएल

BRIEF NEWS

अफसरों के तबादले के नाम पर ठगी करने वाले का भंडाफोड़

RANCHI : रांची में ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें कुछ लोग राज्य के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण और अन्य सरकारी ठेकेदारी कामों को लेकर ठगी का प्रयास कर रहे थे। कोतवाली थाना रांची में इस सम्बन्ध में शिकायत दर्ज की गई। जांच में सज्जाद उर्फ मुन्ना और कैप्टन सिंह सलूजा के अलावा आयन सरकार, चन्दन लाल, सूर्य प्रभात सहित कई अन्य लोग भी शामिल हैं। ये लोग अधिकारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को प्रभावित करने का दावा करते हुए लोगों से पैसे मांग रहे थे। जांच में अब तक कुछ पीड़ितों की पहचान की गई है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। ठगी के इस प्रयास से प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

दलितों व पिछड़ों को बनाया जा रहा गुलाम : राहुल

INDORE : सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी जी जातिगत जनगणना कराने से डरते हैं। वे इसे कभी नहीं कराएंगे, लेकिन 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को हम लोकसभा व राज्यसभा में तोड़ देंगे। कोई नहीं रोक सकता। हम पहले कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण 50 परसेंट से ज्यादा करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाकर इस दीवार को तोड़ेंगे। महू में आयोजित कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि आरएसएस और भाजपा की ओर से समाज के दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को फिर से गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है।

जसप्रीत बुमराह बने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर

NEW DELHI : सोमवार को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने 2024 में सिर्फ 13 मैच में 15 से कम की औसत से सर्वाधिक 71 विकेट चटकाए। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद 2023 के अंतिम हिस्से में वापसी की। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2024 में 14.92 की बेहतरीन औसत से विकेट चटकाए और इस दौरान कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

सुरेश जालान ने खरीदा 90 करोड़ का प्राइवेट जेट

GIRIDIH : गिरिडीह के उद्योगपति सुरेश जालान ने अपने लिए 90 करोड़ रुपये का 10 सीटर प्राइवेट जेट खरीदा है। इस जेट ने स्विट्जरलैंड से गिरिडीह के बोडो हवाई अड्डे पर लैंड किया। सुरेश जालान झारखंड के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक हैं और देश के सबसे अमीर कारोबारियों में 299वें स्थान पर आते हैं। वह कार्बन रिसोर्स अलकतरा कारखाने के मालिक हैं।

बजट सत्र के दौरान सदन के पटल पर रखी जा सकती है रिपोर्ट

वक्फ संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति ने दी हरी झंडी

NEW DELHI @ PTI : वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) द्वारा यह प्रस्ताव किए जाने की संभावना है कि मौजूदा उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ संपत्ति, विवाद में नहीं होने या सरकारी सुविधा के अंतर्गत आने की स्थिति में बनी रहेगी। समिति ने सोमवार को हुई एक बैठक में वक्फ बिल में बदलावों को हरी झंडी दे दी। एनडीए के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी 14 संशोधनों को स्वीकार कर लिया। विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया। द्रमुक के ए राजा ने आरोप लगाया कि समिति की कार्यवाही को मजाक बना दिया गया है और रिपोर्ट इस समय तक तैयार की जा चुकी है। उन्होंने कहा, अगर इसे संसद की मंजूरी मिल जाती है, तो द्रमुक और खुद मेरी तरफ से उच्चतम न्यायालय से नए कानून को निरस्त कराने के लिए अनुरोध किया जाएगा।

सभी 14 संशोधनों को किया गया स्वीकार, विपक्ष के सारे सुझाव खारिज

- अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर हुई चर्चा
- संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का बढ़ा दिया गया था कार्यकाल
- द्रमुक के ए राजा ने लगाया आरोप, समिति की कार्यवाही को बना दिया गया मजाक

कानून को और बेहतर बनाएंगे ये संशोधन

जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है।

हंगामे के बाद सस्पेंड हुए थे 10 सदस्य

जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है।

8 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था विधेयक

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ बिल 2024 पेश किया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम विरोधी बताया था। विपक्ष की आपत्ति और भारी विरोध के बीच ये बिल लोकसभा में बिना किसी चर्चा के जेपीसी को भेज दिया गया था। वक्फ बिल संशोधन पर बनी 31 सदस्यीय जेपीसी की पहली बैठक 22 अगस्त को हुई थी। अब तक इसकी 34 बैठकें हो चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि समिति बुधवार को रिपोर्ट स्वीकार करेगी, जिसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के सदस्य अपनी असहमति जता सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्र के पहले चरण में विधेयक पारित करा सकता है क्योंकि उसके पास लोकसभा और राज्यसभा दोनों में बहुमत है।

आज महिलाओं के बैंक खातों में सरकार डाल सकती है 2500 रुपये

PHOTON NEWS RANCHI : नए साल में झारखंड की महिलाओं को जल्द बड़ी खुशी मिलने जा रही है। मंईयां सम्मान योजना की ₹2500 की राशि आज यानी 28 जनवरी को उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा सकती है। यह भी संभव है कि यह राशि 29 जनवरी को ट्रांसफर की जाए। बता दें कि कुछ दिन पहले ही दिसंबर 2024 की राशि हेमंत सरकार ने एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के खाते में ट्रांसफर की थी। गौरतलब है कि इसके पहले विधानसभा चुनाव के दौरान 1500 से इस राशि को 2500 करने की घोषणा हेमंत सोरेन ने की थी। चुनाव में बंपर जीत के बाद ₹2500 रेगुलर देने के लिए आवश्यक बजट पर सरकार ने जमकर मशक्कत की थी। विधानसभा के विशेष सत्र में अनुपूरक बजट में इस राशि का प्रावधान किया गया था। इसके बाद दिसंबर महीने की राशि महिलाओं को दी गई थी।

मईयां सम्मान योजना

- 18 से 50 साल की महिलाएं इस योजना का उठाती हैं लाभ
- जनवरी महीने की राशि पात्र महिलाओं को देने की हेमंत सरकार ने की तैयारी
- विधानसभा चुनाव के दौरान इस योजना में दी जा रही राशि बढ़ाने की हुई थी घोषणा
- जीत के बाद बढ़ी हुई राशि का इंतजाम करने के लिए सरकार ने की थी कड़ी मशक्कत

हर माह 15 तारीख को दी जानी है राशि

जैसा कि हम जानते हैं, 18 साल से 50 साल तक की युवतियों और महिलाओं को हर माह की 15 तारीख को 2500 रुपये दिए जाने हैं। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के तहत दिसंबर में 56,61,791 खातों में 2500 रुपये प्रति लाभुक के हिसाब से 1415 करोड़, 44 लाख 77 हजार 500 रुपये ट्रांसफर किए गए थे। अब तक जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार, जनवरी महीने में अभी तक डेढ़ लाख से ज्यादा नए लाभुकों का सत्यापन हो चुका है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि अब इस योजना से जुड़े लाभुकों की संख्या 58 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें और वृद्धि की संभावना है। अतः अब सरकार को इस योजना पर अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी।

उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड का यहां भी दिखने लगा है असर

झारखंड में फिर गिरने लगा पारा, बढ़ी कनकनी

रांची का मिनिमम टेंपरेचर गिरकर पहुंचा 9 डिग्री सेल्सियस पर, गुमला 4.2 डिग्री के साथ सबसे सर्द

PHOTON NEWS RANCHI : उत्तर भारत में पढ़ रही कड़ाके की ठंड का असर एक बार फिर झारखंड में दिखने लगा है। राज्य का पारा गिरने लगा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कनकनी काफी बढ़ गई है। इसके और बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। दिन में धूप के बावजूद लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, गुमला में सबसे ज्यादा ठंड रही। यहां न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रहा।

सुबह में कोहरा से राहत मिलने की अभी नहीं है कोई उम्मीद

जमशेदपुर में सबसे कम विजिबिलिटी

झारखंड में सबसे कम विजिबिलिटी पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में रही। विभाग के अनुसार, सुबह में कोहरा से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दिन में आसमान में बादल छाए रहेंगे। इससे लोगों को ठंड का एहसास होगा। आज के बाद न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की जाएगी।

तीन से चार डिग्री तक की गिरावट

मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट पर नजर डालें तो झारखंड के तापमान में रविवार से ही गिरावट आने लगी। रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, बोकारो और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में महज 24 घंटे के अंदर तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को फिर से कनकनी वाली ठंड का एहसास हो रहा है। सोमवार को रांची के न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई है। लेकिन, जमशेदपुर, डाल्टनगंज और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आई है। अगर पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में अधिकतम तापमान की बात करें तो सरायकेला का पारा सबसे अधिक रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 4.2 डिग्री दर्ज किया गया।

गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने संगम में लगाई डुबकी

- स्नान के बाद संगम स्थल पर ही किया विशेष पूजन और आरती में लिया हिस्सा

PRAYAGRAJ : सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़क कर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा-अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान गृहमंत्री शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधू एवं पोतियों ने भी स्नान और पूजा-पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुंभ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु-संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया। भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का।

बदलाव की दिशा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में कई प्रकार के परिवर्तन का प्रावधान

डिप्लोमा धारकों को भी मेडिकल कॉलेजों में बनाया जाएगा शिक्षक

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK: नेशनल एजुकेशन पॉलिसी यानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद मोदी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में अनेक बुनियादी परिवर्तन के संकेत दिए हैं। पाठ्यक्रमों में परिवर्तन के साथ ही इस क्षेत्र में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के मापदंड में भी परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी कुछ दिन पहले ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नया ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया है। इस पर जोर-शोर से बहस चल रही है। इसके मूल में यह है कि अब कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए नेट, स्लेट या पीएचडी की डिग्री की अनिवार्यता समाप्त कर दी जाएगी। सिर्फ पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट भी इसके साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे। इसके ठीक पहले सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नए नियम बनाए गए हैं। इसमें डिप्लोमा धारकों को भी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक बनाने का नियम बनाया गया है।

नए प्रस्ताव के अनुसार, इस पद के लिए सीनियर रेजिडेंट का अनुभव जरूरी

चिकित्सा शिक्षा की नींव को कमजोर करने का लगाया जा रहा आरोप

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शिक्षक पात्रता योग्यता के दिशा-निर्देशों का जारी किया नया मसौदा

चिकित्सा महाविद्यालयों और संस्थाओं के डॉक्टरों ने जताया है कड़ा विरोध

देश में स्वास्थ्य सेवा वितरण की गुणवत्ता पर असर पड़ने की कही जा रही बात

यूजीसी ने सामान्य कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में भी सरल तरीके से नियुक्ति का दिया संकेत नेट, स्लेट या पीएचडी की डिग्री की अनिवार्यता को किया जा रहा खत्म

साल 2017 से काम करने वालों को फायदा

नए प्रस्ताव में यह प्रावधान किया गया है कि चिकित्सा संस्थानों में संकाय की नियुक्ति के लिए सामान्य मानदंड के अनुसार, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2017 से सीनियर रेजिडेंट के रूप में काम कर रहे डिप्लोमा धारक सहायक प्रोफेसर के लिए पात्र हो सकते हैं। इसी तरह एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्री और फिजियोलॉजी विषयों के लिए गैर चिकित्सक सीनियर रेजिडेंट और सहायक शिक्षक बन सकते हैं। तीन विषयों के लिए पीएचडी की उपाधि अनिवार्य है। यह नियम माध्यमिक अवधि के लिए लागू होंगे। इसका मतलब यह है कि किसी विषय के लिए पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध न होने पर यह नियुक्तियां की जा सकती हैं।

एमडी डॉक्टर को लगते हैं तीन साल

नई दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर कबीर का मानना है कि एनएमसी उस डिप्लोमा धारक को नियुक्त करने की मंजूरी दे रहा है, जिसने कभी थीसिस नहीं की है। इसके लिए एक एमडी डॉक्टर को कम से कम तीन वर्ष लगते हैं और उसके साथ सीनियर रेजिडेंट की जिम्मेदारी संभालता है। इन सबमें एक लंबा वक्त लगता है। इसके बाद ही वह शिक्षक वर्ग में आ सकता है। लेकिन, सिर्फ अनुभव के आधार पर डिप्लोमा धारक को शिक्षक बनाना चिकित्सा शिक्षा के लिए नुकसान भरा होगा।

ढाई लाख लोगों को ठग चुके 6 शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

आरोपियों के पास से मिलीं दो लग्जरी गाड़ियां, कैमरे व 1,08,800 रुपये कैश

PHOTON NEWS JAMTARA : जामताड़ा जिला की पुलिस ने करीब महीनेभर की पड़ताल के बाद छह शातिरों के एक ऐसे गिरोह को दबोचा, जो साइबर अपराध के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का सहारा लेते थे। इन शातिरों ने देश भर के करीब ढाई लाख लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। जांच से पता चला है कि इन शातिरों ने अब तक इन तरीकों से करीब 11 करोड़ रुपये की ठगी की है। ठगी के लिए ये अपराधी पीएम किसान योजना एपिक, पीएम फसल बीमा योजना एपिक, कई बैंकों के एपिक व एनपीसीआई इंटरनेशनल आदि के नाम से फर्जी मोबाइल एपिक बनाकर लोगों के मोबाइल नंबरों पर विभिन्न सोशल साइट्स पर डालकर ठगी का शिकार बनाया है। सभी शातिरों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में

गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते एसपी एहतेशाम वकारिब

2700 ठगी के मिल चुके साक्ष्य

पुलिस की जांच में पता चला है कि ये शातिर चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ हैं। इनके मोबाइल से मोबाइल से 2700 ठगी के शिकार हो चुके लोगों का साक्ष्य मिला है। इसके साथ ही ठगी के लिए 25 लाख से ज्यादा बार मैसेज आदान-प्रदान करने के साक्ष्य मिले हैं। इनके पास से 2000 पंजाब नेशनल बैंक और 500 कैनरा बैंक खाताधारकों का डाटा भी बरमाद हुआ है। पुलिस की टेक्निकल सेल की टीम गहनता से इनकी जांच में जुटी है।

जामताड़ा के एसपी एहतेशाम वकारिब ने बताया कि काफी दिनों से पुलिस टीम इन शातिरों को दबोचने में जुटी थी। ये शातिर जामताड़ा के नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक सुनसान जगह पर साइबर ठगी को अंजाम देने जुटे थे। पुलिस के हत्थे चढ़े ये मास्टरमाइंड अपराधी गिरिडीह के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकीकला गांव का मेहबूब आलम उर्फ डीके बोस, सफाउद्दीन अंसारी, आरिफ अंसारी उर्फ डीके, इसी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव का जसीम अंसारी, गिरिडीह के गांडेय थाना क्षेत्र के महजारी का शेख बेलाल उर्फ डीके और जामताड़ा के करमाटाड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ का रहने वाला अजय मंडल है।

ट्रेनी आईपीएस राघवेंद्र शर्मा, डीएसपी चंद्रशेखर और इंस्पेक्टर जयंत तिर्की की अगुवाई में छापेमारी के दौरान इन शातिरों के पास से पुलिस टीम ने 14 मोबाइल, 23 फर्जी आईडी पर लिए गए सिम कार्ड, दो लग्जरी गाड़ियां, एक डीएसएलआर कैमरा, एक ड्रोन कैमरा व 1,08,800 रुपये कैश बरामद किए हैं।

आठवीं पास शातिर चैट जीपीटी व जावा प्रोग्रामिंग के एक्सपर्ट, ठगी के दौरान करते थे ड्रोन से निगरानी

PHOTON NEWS JAMTARA : जामताड़ा पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर साइबर ठगों से जो साक्ष्य मिले हैं, वह आम लोगों के लिए तो चौंकाने वाले हैं ही, पुलिस महकमे के लिए भी नई चुनौती है। पुलिस के हाथ लगा साइबर ठगी का मास्टरमाइंड मेहबूब आलम उर्फ डीके बोस, आरिफ अंसारी उर्फ डीके और शेख बेलाल उर्फ डीके आठवीं से दसवीं पास है। लेकिन ये शातिर चैट जीपीटी और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग लैंग्वेंज जावा समेत अन्य लैंग्वेज के साथ तकनीकी रूप से इतना दक्ष हैं कि ये खुद ही कई तरह की एपिक फाइल डेवलप कर रहे थे। इन शातिरों ने पुलिस से बचने का जो तरीका अपनाया, वह और भी नायाब है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब ये ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे, उस दौरान पुलिस की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल करते थे। ताकि इन्हें पुलिस के आने की भनक दूर से ही मिलती रहे।

न करते थे कॉल, न मांगते थे ओटीपी

जांच में जो बात सामने आई है, वह चौंकाने वाले और सुरक्षा के लिहाज से बेहद ही खतरनाक हैं। इन शातिरों ने ऐसे एपीके फाइल डेवलप कर रखी थी, जिसके सहारे ना तो इन्हें किसी को कॉल करने की जरूरत पड़ती थी और ना ही ओटीपी मांगने की। जो भी व्यक्ति इनके एपीके फाइल को अपने मोबाइल पर धोखे से भी अपलोड कर लेता था, उसी से सारे डिटेल्स देख लेते थे। ऐसे में लोगों को इस बात का तनिक भी अंदेशा नहीं होता था कि वह ठगी का शिकार हो रहा है।

डीके बोस नाम से बना रखा था ग्रुप

जामताड़ा एसपी एहतेशाम वकारिब ने बताया कि गिरफ्त में आए तीन शातिर डीके बास के छद्म नाम से काम कर रहे थे। इनके द्वारा डेवलप फर्जी एपीके अन्य साइबर अपराधियों के बीच काफी लोकप्रिय थे। इन एपीके एप के जरिए ठगी के लिए इन शातिरों ने हजारों जो एपीके आधारित धोखाधड़ी करने वाले गुर्गे बना रखे थे। जिन्हें ये अपने द्वारा डवलप किए एपीके 25-30 रुपये प्रति एपीके की दर से बेचते भी थे। इनमें से चार शातिर पहले भी साइबर ठगी के मामले में जेल जा चुके हैं।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र व गृह मंत्रालय से मांगनी पड़ रही मदद : तकनीकी रूप से दक्ष इन शातिरों का दायरा इतना व्यापक था कि चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटीलेंस के विशेषज्ञ इन शातिरों के बारे में गहन पड़ताल के लिए पुलिस को कई तरह की मदद मांगनी पड़ रही है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और गृह मंत्रालय से मदद मांगी है, ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों तक पहुंच कर पड़ताल पूरी की जा सके। आई-फोर सी के समन्वय पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तार अपराधी देश भर में 415 से अधिक साइबर अपराध के मामलों से जुड़े हैं। इन पर करीब 11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले हैं।

BRIEF NEWS

रोजगार मेला में 217 युवाओं को मिली नौकरी

KHUNTI : नगर भवन, खूंटी में चौथे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करना और उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खूंटी के विद्यायक राम सूर्या मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि तोरपा और विधायक प्रतिनिधि तमाड़ के अलावा राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, स्किल्स एंड जॉब्स हसनैन वारसी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जुड़ने में सहायता मिलेगी। यह रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे युवाओं को उनकी क्षमताओं के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। डीसी ने कहा कि सिर्फ शिक्षा ही नहीं, कौशल विकास भी आज के समय में बेहद जरूरी है।

सांस्कृतिक संध्या के श्रेष्ठ प्रतिभागी बच्चे पुरस्कृत

HAZARIBAG : 76वें गणतंत्र दिवस पर सोमवार को नगर भवन में सांस्कृतिक संध्या हुई, जिसमें स्कूली बच्चों ने गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति से सबको मुग्ध कर दिया। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपायुक्त नैन्सी सहाय ने पुरस्कृत किया। इस दौरान 15 कार्यक्रम हुए, जिसमें मुख्य रूप से रागेश्री संगीत अकादमी द्वारा देशभक्ति समूह गीत, श्री मां संगीतायन हजारीबाग द्वारा देशभक्ति समूह गीत, रोजबड स्कूल द्वारा नागपुरी लोकनृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा सामूहिक नृत्य, इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय द्वारा देशभक्ति समूह नृत्य, संत कोलंबस कॉलेज द्वारा समूह नृत्य (संथाली), हेमंत ग्रुप द्वारा सर्वधर्म सद्भावना नृत्य नाटिका, तरंग ग्रुप लोक बाल नृत्य, पुष्पदीप संगीत एवं नृत्य संस्था द्वारा देशभक्ति समूह नृत्य, सीएम बालिका उच्च विद्यालय द्वारा देशभक्ति नृत्य, नृत्य वाटिका डांस अकादमी द्वारा दक्षिण भारतीय लोकनृत्य, स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा झांसी की रानी नृत्य नाटिका, लोकांगन नृत्य विद्यालय द्वारा मराठी समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा एन.ए. चौधरी ने जादू के खेल दिखाए। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिन्हा ने किया। मंच कार्यक्रम प्रबंधन प्रह्लाद सिंह द्वारा किया गया।

गिरिडीह में ट्रक ने चार को कुचला, दो की हो गई मौत

AGENCY GIRIDIH : जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सीमेंट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आग लगा दी। हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला।

घटना सोमवार दोपहर की है। ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया। इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था। घटना उस वक्त

- देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में बेकाबू हुआ सीमेंट लदा वाहन

धू-धू कर जलता ट्रक

घटी जब पिता-पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा। भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया।

दुर्घटना की जानकारी के बाद दोनों स्थानों पर पुलिस पहुंची और ट्रक में लगी आग को बुझाने के प्रयास किया। दूसरी तरफ लोगों ने मंडरो में सड़क को घंटो जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ट्रक के धक्के से एक बच्चे और एक व्यक्ति की मौत हुई है। दो लोग घायल है। आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी थी। आग पर काबू पा लिया गया है। आक्रोशित लोगों को समझाने के बाद सड़क जाम भी हटा लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को धमकी देने का आरोपी हिरासत में

JAMTARA : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को सोशल मीडिया पर अपशब्द कहने और धमकी देने के आरोपी कैलाश स्वर्णकार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। नारायणपुर थाना क्षेत्र के हरलाटांड़ निवासी से सोमवार देर शाम तक नारायणपुर थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस कैलाश का पूरा ब्योरा खंगाल रही है। पूरा मामला मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के कुंभ स्नान को प्रयागराज जाने को लेकर उनके बयान को लेकर है, जिस पर कैलाश स्वर्णकार द्वारा सोशल मीडिया पर डॉ. इरफान के बारे में गलत कमेंट करने का आरोप है। इस संबंध में आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

पूर्व एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर थाना पहुंचे परिजन

HAZARIBAG : हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर पत्नी अनीता देवी की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। मृतका के भाई राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को महिलाओं ने लोहसिंघना थाना में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विरोध स्वरूप सिर पर लाल रिबन बांधा था।

घटना पिछले महीने की है। जब सरकारी एसडीओ आवास में आग लगने से अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें एसडीओ अशोक कुमार पर अपनी बहन को जलाकर मारने का आरोप लगाया है। राजू कुमार गुप्ता ने

थाने में प्रदर्शन करतीं महिलाएं

पूर्व में भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि एसडीओ के अवैध संबंध इस घटना का मुख्य कारण है।

प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि इतनी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने के बावजूद अभी तक आरोपित की गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

कुष्ठ रोगियों के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

AGENCY LOHARDAGA : लोहरदगा जिला मे कुष्ठ रोगियों की पहचान और कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक जिला में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षा में आयोजित हुई। बैठक में अभियान के स्टेट कॉर्डिनेटर डॉ गौतम ने बताया कि यह अभियान उक्त तिथि में जिला के सभी प्रखण्डों में ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा। इसमें सहिया, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं की मदद से घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। ग्राम सभाएं भी होंगी। डॉ गौतम ने कुष्ठ रोग के फैलने के कारण, ईलाज, अभियान के लिए बनाये गये कार्यक्रम के स्वरूप की जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए जो अभियान चलाया जाएगा। उसे सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। जहां पहले से कुष्ठ रोगियों की पहचान होती रही है वहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है। रोगियों के लिए पहचान के लिए सही से उसकी रूपरेखा तैयार करें। जिन रोगियों के बाद ईलाज चलेगा उन पर निरंतर नजर बनाये रखना जरूरी है। स्कूलों में जो बैठक अभिभावकों के साथ होती है। उसमें भी बच्चों के माता-पिता को जागरूक किया जाए। किसी भी संभावित मामले को नजरअंदाज नहीं किया जाए।

सरकारी आवास में हुई प्रधान सहायक की मौत

CHATRA : जिले के मयूरहंड प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित प्रधान सहायक मदन तिवारी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई है। वे जिले के सिमरिया प्रखण्ड के ईंद बिरहु गांव को निवासी थे। सोमवार को मयुरहंड सरकारी आवास में उनकी मौत की पुष्टि उनके एकलौता पुत्र अंकित कुमार तिवारी ने की। दिवंगत ईटखोरी, सिमरिया, चतरा मुख्यालय समेत कई प्रखंडों में बतौर प्रधान सहायक (बड़ाबाबू) के रूप में अपना योगदान दे चुके थे। विभागीय प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इनके निधन पर सोमवार को पत्थलगडा प्रखंड कार्यालय समेत अन्य प्रखंड में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई।

राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी से

AGENCY PALAMU : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 एवं 12 फरवरी को होगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त ने मेले में आने वाली भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की

समाहरणालय में बैठक करते उपायुक्त शशिरंजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

बात कही। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर सीओ व संबंधित को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही।

उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने और उनके बीच आई कार्ड का भी वितरण करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त मात्रा में रखने पर बल दिया। नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित साफ-सफाई रखने पर बल दिया। रंग-रोगन और सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी।

यातायात व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था के लिये अलग से योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से मेले में होने वाली गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया।

एक्सएलआरआई में नॉन इंजीनियर के एडमिशन का कटऑफ बढ़ा

जैट का कटऑफ मार्क्स जारी, महिलाओं के लिए घटाया

PHOTON NEWS JSR : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जैट (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) 2025 के लिए कटऑफ मार्क्स की घोषणा कर दी है। संस्थान की वेबसाइट पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के दोनों कोर्स की जानकारी साझा की है। एक्सएलआरआइ प्रबंधन के अनुसार इस बार जैट 2025 में बिजनेस मैनेजमेंट (बीएम) में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ 96 पर्सेंटाइल तय किया गया है, वहीं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए यह 91 पर्सेंटाइल तय किया गया है। इस बार बीएम में इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष व महिला उम्मीदवारों में किसी प्रकार का कोई अंतर नहीं रखा गया है। नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के

पुरुष उम्मीदवारों का भी 96 पर्सेंटाइल जबकि नॉन इंजीनियरिंग महिला उम्मीदवारों को 91 पसेर्टाइल हासिल करना अनिवार्य किया गया है, जबकि पिछले साल इस केटेगरी में पुरुषों के लिए 95 पर्सेंटाइल, जबकि नॉन इंजीनियरिंग केटेगरी में महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल तय किए गए थे। इस बार दोनों में बढ़ोतरी कर दी गई है।

इधर, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ मार्क्स 95 पर्सेंटाइल, जबकि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं। नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के पुरुष आवेदकों को ह्यूमन रिसोर्स प्रोग्राम के लिए 93 पर्सेंटाइल, जबकि नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की महिलाओं के लिए सिर्फ 87 पर्सेंटाइल तय किया गया है। पिछले साल की तुलना में कटऑफ में अपेक्षाकृत कमी की गयी है। पिछले साल नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों का कटऑफ 91 पर्सेंटाइल था, जो इस बार 90 पर्सेंटाइल किया गया है।

शिक्षा में महिलाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास : प्रो. राहुल शुक्ला

जैट 2025 के संयोजक प्रो. राहुल शुक्ला ने कहा कि एक्सएलआरआइ द्वारा महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा रही है। इस परंपरा को जारी रखते हुए इस साल भी पुरुष उम्मीदवारों की तुलना में महिला उम्मीदवारों का कटऑफ मार्क्स कम रखा गया है। कहा कि विविधता बढ़ाने के लिए, बीएम और एचआरएम दोनों कार्यक्रमों के लिए गैर-इंजीनियरिंग उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों का कटऑफ कम किया जाता है। एक्सएलआरआई एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्थान होने के नाते, वंचित समुदायों को भी कम कटऑफ आवंटित किया गया है।

उम्मीदवारों को भेजा जाएगा इंटरव्यू का कॉल लेटर

एक्सएलआरआइ जमशेदपुर व दिल्ली दोनों ही ब्रांच में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों को कॉल लेटर भेजा जाएगा। एक्सएलआरआइ के दोनों परिसरों के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 2025-2027 में एडमिशन के लिए करीब 4000-4500 उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा। पीजीडीएम (जीएम) कार्यक्रम के लिए तीन चरण में इंटरव्यू पूरा हो चुका है। एक चरण फरवरी माह में होगा। आईईवी और डबल मास्टर प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के लिए कटऑफ बाद में कार्यक्रम की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने वाले कार्यक्रम के परामर्श से तय किया जाएगा।

छापेमारी में कट्टा के साथ धराया आरोपी

GODDA : पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम शीतल में अवैध हथियार होने की सूचना है, जो किसी को बेचने के फिराक में है। थाना प्रभारी महागामा सशस्त्र बल के साथ उक्त ग्राम पहुंचे। गांव की निमार्णाधीन पानी टंकी के पास कच्ची सड़क पर पहुंचे तो पुलिस गाड़ी को देख कर कुछ लोग भागने लगे। जवानों ने एक व्यक्ति को पकड़ा। उसकी बाइक की डिक्की से एक लोडेड देसी कट्टा मिला।

कट्टा जब्त करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद भागे हुए अन्य अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

विद्यालय स्तर पर बांटे जाएंगे सहायक आचार्य के 345 पद

बैठक करते डीसी चंदन कुमार ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ जिले में प्रारंभिक शिक्षा को और मजबूती प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएसई संजीत कुमार के द्वारा जानकारी दी गई कि विभागीय निदेर्शानुसार रामगढ़ जिला के लिए सहायक आचार्य के वर्ग एक से पांच के लिए 345 एवं वर्ग छह से आठ के लिए 429 पदों का सृजन किया गया है। जिसके विरुद्ध पूर्व में वर्ग एक से पांच तक के लिए सृजित कुल 345 पदों का प्रत्यर्पण किया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त के जरिये समिति के अन्य सदस्यों के साथ पूर्व में सृजित कुल 345 पदों के विद्यालय स्तर पर प्रत्यर्पण को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने मर्जर के उपरांत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़े स्कूल के भवनों के सकारात्मक उपयोग को लेकर भी सभी के साथ चर्चा की। जिला शिक्षा अधीक्षक को 15 फरवरी तक इस संबंध में योजना बनाने का निर्देश दिया।

BRIEF NEWS

न्यूरोसर्जन डॉ. सीबी सहाय फिर चुने गए एबीकेएम के प्रदेश अध्यक्ष

RANCHI : न्यूरोसर्जन डॉ सीबी सहाय का अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (एबीकेएम) का प्रदेश अध्यक्ष पद पर पुनः चयन होने पर स्वागत किया गया। इसे लेकर शनिवार को महासभा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ सहाय का स्वागत किया गया। बता दें कि डॉ सहाय रिम्स के न्यूरोसर्जन और न्यूरोसर्जरी विभाग के एचओडी थे। वे रिम्स से पिछले साल ही रिटायर हुए थे। वे रिम्स में लंबे समय तक अपना योगदान दिये। वहीं इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कायस्थ महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी मुकेश कुमार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखौरी विवेक किशोर, सुशील कुमार लाल, मनीष कुमार, संदीप सहाय पवन किशोर बिट्टू, विशाल, अंकित, रजत सौरभ एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

5000 किमी ग्रामीण सड़कों की होगी मरम्मत

RANCHI : राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना के क्रियान्वयन के लिए 40 करोड़ से अधिक की राशि का आवंटन कर दिया गया है। रांची सहित सभी ग्रामीण कार्य पथ प्रमंडल को राशि दी गयी है। इस योजना का शुभारंभ 2023-24 से ही किया गया है। इसके अंतर्गत पांच वर्ष अथवा उससे पूर्व निर्मित ग्रामीण सड़कों को सुदृढीकरण करते हुए प्रखंड मुख्यालय एवं अन्य सरकारी संसथाओं तक आवागमन को सुगम बनाया जाना है। इंजीनियरों ने बताया कि 15000 किमी रोड को चरणबद्ध तरीके से मरम्मत करते हुए सुदृढ़ किया जायेगा। जिसमें अब तक 11840 किमी रोड के मरम्मत के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। वहीं, इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1612 किमी पथों की स्वीकृति दी गयी है, जिसे बनाने का कार्य शुरू किया जाना है। इसी के लिए राशि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

राजभवन के कार्यक्रम में शामिल हुए हेमंत व बाबूलाल

RANCHI : सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में राजभवन में बैंड डिस्प्ले और एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 11वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स, प्रथम बटालियन जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, जैप-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची एवं विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची की टीमों ने मनमोहक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया। मौके पर राज्यपाल ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी, परेड एवं बैंड प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। 1 को द्वितीय, डीएपी(महिला) को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, जैप-(महिला बटालियन) 10 को द्वितीय एवं सेना को विशेष पुरस्कार मिलइस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद, विधायकों के साथ मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मीटिंग में विभागों को दिया निर्देश

संसाधनों और जरूरतों के मुताबिक तय करें सहकारिता संबंधी योजनाएं

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में केवल वही योजनाएं बनानी चाहिए, जो राज्य के हित में हों। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि राज्य के संसाधनों और जरूरतों के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजनाओं को तय किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सहकारिता बैंकों के विस्तार से जुड़ी योजनाओं पर विचार करते हुए कहा कि बैंकों को पहले अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए, उसके बाद ही विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं। यह भी कहा कि ऐसी विकास योजनाओं से बचना चाहिए, जो बाद में राज्य पर आर्थिक बोझ डाल सकें।

राज्यहित में विकास योजनाओं की प्राथमिकता को तय करना जरूरी, सहकारिता बैंकों के विस्तार से जुड़ीं स्कीम पर किया विचार

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मुख्य सचिव अलका तिवारी। ● फोटोन न्यूज

मत्स्य उत्पादन में हुई वृद्धि

मीटिंग में बताया गया कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3 लाख टन मछली उत्पादन का लक्ष्य था,जिसमें अब तक 2.57 लाख टन उत्पादन हो चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 2.80 लाख टन था। इसके अलावा अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रत्येक जिले में निर्मित और विकसित सरोवरों में मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के गठन के लिए सहकारिता एवं मत्स्य प्रभाग में समन्वय स्थापित कर अभियान चलाया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 50 प्राथमिक मत्स्य सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य है।

सहकारिता समितियां होगी ऑनलाइन

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य के चयनित 1500 लैम्पस-पैक्स में से 1270 समितियों का कंप्यूटरीकरण कर ऑनलाइन किया जा चुका है। शेष 230 समितियों को 31 मार्च 2025 तक कंप्यूटरीकृत कर ऑनलाइन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा शेष 2949 लैम्पस-पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। जिन समितियों को ऑनलाइन किया गया है, उन्हें अब प्रज्ञा केंद्र के रूप में सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए इन समितियों को झारसेवा लॉगिन आइडी देने का निर्णय लिया गया है।

दूध खरीद के लिए समितियों का निबंधन

यह भी जानकारी दी गई कि राज्य के 724 धान अधिप्राप्ति केंद्रों से 25 जनवरी 2025 तक कुल 13,06,356.33 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। इस दौरान शेष 75 क्रय केंद्रों को कार्यशील बनाने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 100 प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों के निबंधन का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अब तक 65 समितियों का निबंधन किया जा चुका है जबकि 37 समितियों के निबंधन प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

अन्य सहकारी योजनाओं पर खास चर्चा : बैठक में अन्य सहकारी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिनमें गोदाम निर्माण, लैम्पस-पैक्स को कमरे उपलब्ध कराना, रसोई गैस डिस्ट्रीब्यूटरशिप, रिटेल पेट्रोल-डीजल आउटलेट खोलने, जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक लाइसेंस, लैम्पस-पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करना और झारखंड में नवनिर्मित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान को इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव मैनेजमेंट के रूप में विकसित करने के मुद्दे शामिल थे। **इनकी रही मौजूदगी :** मीटिंग में कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीक, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व सचिव चंद्रशेखर, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन और निबंधक सहकारी समितियां सूरज कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

सिरमटोली सरना स्थल को बचाने के लिए उलगुलान करने का किया फैसला

RANCHI : सिरमटोली चौक स्थित केंद्रीय सरना स्थल पर सोमवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों और समाजिक नेताओं ने बैठक की। इसमें आदिवासी समुदाय ने सरना स्थल पर विकास के नाम पर हो रहे सरकारी अतिक्रमण पर विरोध जताया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि पथ निर्माण विभाग द्वारा फ्लाइओवर निर्माण के बहाने धार्मिक स्थल की पवित्रता को नष्ट किया जा रहा है। वहीं अध्यक्षता कर रहे सोनू खलखो ने कहा कि आजाद भारत से आदिवासी समुदाय की जल, जंगल, जमीन और धार्मिक पहचान लगातार संकट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब फ्लाइओवर के निर्माण के लिए नक्शा तैयार किया गया था तो यह बताया गया था कि यह आदिवासियों का मुख्य सरना स्थल है। इसके बावजूद अधिकारियों ने आदिवासियों की भावनाओं की अनदेखी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो आदिवासी समुदाय भगवान बिरसा मुंडा के तर्ज पर उलगुलान के लिए तैयार है।

सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे स्वास्थ्य मंत्री : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इरफान अंसारी जैसे लोगों को रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी सांप्रदायिक विचारधारा और फैसले सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। ताजा मामला सरस्वती पूजा को लेकर उठाए गए सवालों का है। पोस्ट में आगे लिखा है कि सरस्वती पूजा कोई साधारण धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, यह हमारी शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति की आत्मा है। यह वह परंपरा है जो पीढ़ियों से हमारे समाज को एक सूत्र में पिरोती आयी है। लेकिन आज इसे रोकने की

कोशिशें हो रही हैं। सवाल यह है कि अगर आज सरस्वती पूजा पर आपत्ति की जा रही है, तो क्या कल हमारी संस्कृति और देवी-देवताओं के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए जाएंगे? मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि वे इस बेहद संवेदनशील मामले का खुद से संज्ञान लें। हालांकि बाद में रिम्स प्रशासन द्वारा पूजा की परमिशन मिलने की जानकारी मिलने पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, रिम्स प्रशासन ने रिम्स के डाक्टरों, छात्रों एवं वहां के जनभावना का सम्मान करते हुए सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं करने देने का अपना आदेश अब वापस ले लिया है। अब वहां पहले से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए विधिवत सरस्वती पूजा का आयोजन होगा। शासन का यह कदम स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, जब पूरा देश संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहा था, तब पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति तोड़े जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस कायराना हरकत ने न केवल बाबा साहब के सम्मान को ठेस पहुंचाई, बल्कि भारतीय संविधान और दलित समाज का भी अपमान किया है।

महावीर नायक को पद्म अलंकरण पर प्रदेश भाजपा ने दी बधाई

RANCHI : प्रदेश भाजपा ने झारखंड की प्रतिभाओं को लगातार पद्म अलंकरण से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। तथा झारखंड के लोक गायक महावीर नायक को बधाई और शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद दीपक प्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने सोमवार को कहा कि भिनसरिया राग के लिए विख्यात महावीर जी ने नागपुरी गीतों के माध्यम से झारखंड की कला और संस्कृति की समृद्धि एवं संरक्षण में अतुल्य योगदान दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि मोदी सरकार लगातार झारखंड की प्रतिभाओं को पद्म अलंकरण से सम्मानित कर रही है। यह झारखंड की कला संस्कृति और साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने वाले कराटे खिलाड़ी सम्मानित

प्रमाण पत्र के साथ खिलाड़ी व मौजूद अतिथि। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वाधान में कराटे खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में किया गया। इसमें 2024 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी राकेश तिर्की, आदित्य राज, मिष्ठी कुमारी को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। पिछले दिनों कराटे ग्रेडिंग में सफल रहे 80 कराटे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा ने बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि राज्य के कराटे खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत है उसे निखारने की। राज्य के कराटे खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहरा रहे हैं। मौके पर उमाशंकर महतो, स्वस्तिका तरफदार, स्कूल के शिक्षक, खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद थे।

आईपीआरडी को प्रथम, मंईयां सम्मान योजना पर बनी झांकी को दूसरा स्थान

PHOTON NEWS RANCHI : गणतंत्र दिवस 2025 के राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा ध्वजारोहण के बाद अलग-अलग विभागों की कुल 11 झांकियां प्रदर्शित की गईं। अलग-अलग विभागों की ओर से एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गयी। इन सभी झांकियों में से एक झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इनमें 11 आकर्षक और अलग-अलग थीम पर बनी झांकियों में से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि द्वितीय स्थान महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग और तीसरा स्थान स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की झांकी को मिला है सूचना एवं जनसंपर्क

विभाग की झांकी द्वारा स्वर्णिम झारखंड की विरासत और विकास को प्रदर्शित किया गया। इस झांकी का प्रारूप बिल्कुल उसी तरह का था जैसा आज दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी थी। इस झांकी का उद्देश्य झारखंड की अपनी संस्कृति और विरासत के विकास और विविध क्षेत्रों में सरकारी प्रयासों को प्रदर्शित करने पर था। झांकी के माध्यम से राज्य के औद्योगिक विकास में रतन टाटा के योगदान को भी नमन किया गया था। झारखंड की महिला-बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से आज गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शित की गई। इस झांकी में महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को प्रदर्शित किया गया।

कुख्यात अपराधी सुरेंद्र बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : कुख्यात अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र सिंह बंगाली द्वारा राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड से वर्ष 2023 में उनके प्रीमेच्योर रिलीज के आग्रह को राज्य सरकार द्वारा खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी सुरेंद्र बंगाली की ओर से दो सप्ताह का समय मांगा गया। कहा गया कि राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड से वर्ष 2024 में भी सुरेंद्र बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज के मामले को खारिज कर दिया गया है। इसे लेकर वह संशोधन पिटीशन दाखिल करेंगे। इसलिए समय दिया जाए। दरअसल, प्रार्थी सुरेंद्र बंगाली की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वर्ष

2024 के जोसेफ बनाम स्टेट ऑफ केरला एवं अन्य का हवाला देते हुए सुरेंद्र बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज का आग्रह किया है। कहा गया है कि सजा सुनाए जाने के बाद वह 25 साल 4 माह का समय जेल में बिता चुके हैं। वही रिमिशन के साथ वे 31 साल जेल में सजा भुगत चुके हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उन्हें जेल से रिहा किया जाए। दरअसल, सुरेंद्र बंगाली ने लालपुर थाना से जुड़े मामले में मिली आजीवन कारावास की सजा में 25 साल 4 माह से अधिक समय जेल में रहने को ध्यान में रखते हुए प्रीमेच्योर रिलीज के तहत रिहा करने का आग्रह किया है।

खान विभाग के सचिव हाईकोर्ट में हुए हाजिर

RANCHI : पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच कराने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में खनन विभाग के सचिव सशरीर हाजिर हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इसपर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था। बता दें कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है।

बच्चों का भविष्य : मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

क्वालिटी एजुकेशन की ओर झारखंड ने बढ़ाया कदम

10 फरवरी तक एडमिशन के लिए कर सकते हैं आवेदन

80 विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर किया जा रहा संचालित

आने वाले वर्षों में इनकी संख्या 4496 तक बढ़ाने की है योजना

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना की है। क्वालिटी एजुकेशन के लिए यह एक कारगर कदम साबित हो रहा है। इस महत्वपूर्ण कदम से राज्य के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। पहले चरण में 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किया जा रहा है और आने वाले वर्षों में इनकी संख्या 4,496 तक बढ़ाने की योजना है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में

नामांकन की प्रक्रिया इस वर्ष भी जारी है। अभिभावकों के लिए आवेदन करने की दोनों व्यवस्था ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन के लिए एक लिंक प्रदान किया गया है, जहां अभिभावक आसानी से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

20 जनवरी से शुरू है नामांकन प्रक्रिया

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू हो चुकी है और यह 10 फरवरी 2025 तक जारी रहेगी। इस सूचना के बाद अभिभावकों में उत्साह है। झारखंड सरकार का यह प्रयास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इतना ही नहीं इससे राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

उच्चतम मानक का रखा गया ख्याल

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को पूरी तरह से सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किया जाता है। इन स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है ताकि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। इन विद्यालयों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक स्कूल में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सचिवालय घेराव केस : सांसद निशिकांत दुबे समेत अन्य को सुप्रीम कोर्ट से राहत बरकरार

RANCHI : भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और संजय सेठ समेत अन्य नेताओं के खिलाफ वर्ष 2023 में सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी है।सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अभय ओका और जस्टिस भुइयां की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। दरअसल वर्ष 2023 में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया था।

फैशन पॉइंट का विवाह स्पेशल ट्रंक शो 29 और 30 जनवरी को

PHOTON NEWS RANCHI : फैशन पॉइंट द्वारा 29 और 30 जनवरी को होटल कैपिटल हिल में दो दिवसीय विवाह स्पेशल ट्रंक शो आयोजित किया जा रहा है। इस शो का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी करेंगी। डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया कि इस एग्जीबिशन में परंपरा और लग्जरी का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। जिसमें मशहूर फिल्म डायरेक्टर करण जौहर के कलेक्शन, हल्की ग्लैमरस ज्वेलरी, बनारसी साड़ियां, एथनिक और इंडो-वेस्टर्न फेस्टिव कलेक्शन शामिल होंगे। प्रसिद्ध डिजाइनर अभिषेक रे की हैंड क्राफ्टेड साड़ियां और डॉली जैन के डिजाइनर ड्रेपिंग कलेक्शन सेलेब्रिटी लुक देंगे। इस आयोजन में स्टाइलिंग एक्सपर्ट्स से व्यक्तिगत सलाह भी ली जा सकती है। रीना अग्रवाल ने इसे कला, परंपरा और आधुनिकता का उत्सव बताया। वहीं लोगों से विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की।

समाचार सार

आईटी के दो बैडमिंटन खिलाड़ी सम्मानित

JAMSHEDPUR : 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयकर विभाग के दो बैडमिंटन खिलाड़ी सम्मानित किए गए। एसबी शर्मा (उप आयकर आयुक्त) और राजेश चौधरी (आयकर अधिकारी) को पटना में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार-झारखंड) ने बैडमिंटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों और शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

सरस्वती पूजा के लिए एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज में सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर सोमवार को एबीवीपी ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। कॉलेज में कई वर्ष बाद 2024 में सरस्वती पूजा शुरू हुई थी। पिछले वर्ष, जिला पार्षद कर्ण सिंह, पूर्व छात्र नेता विवेक महापात्र, अमित हाजरा व दिनेश बाल्मीकि ने कॉलेज प्रशासन से पूजा करने की अनुमति प्राप्त की थी। इस अवसर पर एबीवीपी के नगर मंत्री हर्ष राय, रोहित शर्मा, अजय सिंह, प्रिंस कुमार, सुमन दास, अमन दास, प्रीति कुमारी, मोमिना कुमार, स्नेहा सिंह, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, कविता कुमारी, अजय शाह, फैसल सिद्दीकी, प्रियांशु चौधरी, राहुल दास, राकेश कुमार, रोहित शर्मा, निहाल सिंह आदि भी मौजूद थे। सभी छात्रों और शिक्षकों को 3 फरवरी को कॉलेज में आयोजित पूजा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है।

मंत्री को संविदा शिक्षकों ने सौंपा मांगपत्र

JAMSHEDPUR : झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार से मिला, जिसमें उन्हें मांगपत्र सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के साथ मुलाकात के दौरान मंत्री को समस्या से अवगत कराया गया। मांग पत्र में कहा गया है कि झारखंड में कार्यरत लगभग 600 आवश्यकता आधारित शिक्षकों की सेवा को उनके पिछले 7 वर्षों के कार्यानुभव को देखते उन्हें नियमित करने, जब-तक सेवा नियमित नहीं होती तब तक यूजीसी के अनुसार ग्रॉस सैलरी के साथ 65 वर्ष तक सेवा सुनिश्चित करने तथा झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में लगभग 2808 स्वीकृत पद को संविदा शिक्षकों से समायोजित किया जाए। राकेश पांडेय ने बताया कि मंत्री ने आश्वस्त किया कि हम आपकी बातों पर सहानुभूति विचार करेंगे तथा बेहतर रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू व प्रो. प्रेमा नूतन गाड़ी भी शामिल थीं।

बंदगांव में अफीम की फसल को ट्रैक्टर से रौंदा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव में सोमवार को पुलिस ने करीब 8.5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर रौंद दिया। अफीम की खेती के खिलाफ बंदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लुंबई पश्चिम टोला में अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 3.5 एकड़ तथा टेबो थाना अंतर्गत ग्राम सारूबेड़ा में करीब 5 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

झारखंड के पहले रिट्रीट सेंटर का हुआ उद्घाटन

JAMSHEDPUR : प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मेरीन ड्राइव में नए भवन यूनिवर्सल पीस पैलेस-ए रिट्रीट सेंटर का उद्घाटन हुआ, जो झारखंड का पहला रिट्रीट सेंटर है। 25 से 27 जनवरी तक चले तीन दिवसीय कार्यक्रम में सोमवार शाम को अलौकिक समर्पण समारोह एक्सएलआरआई के टाटा ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें मुंबई के गायक हरीश मोयल ने संगीत संध्या प्रस्तुत किया। दुल्हन की तरह सजी बहनें आकर्षक लग रही थीं। इस दौरान शीलू दीदी (सीनियर राजयोग टीचर, माउंट आबू) ने अपने आशीर्वचन दिए।

सरयू ने नगर निगम से मांगा सफाई का ब्योरा

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाईकर्मियों और सफाई ठेकेदारों के नाम सहित पूर्ण ब्योरा मांगा है। उन्हें यह बताने को कहा है कि सफाई कार्य में लगे कर्मियों के पीएफ और ईएसआई कटौती एवं परिपूर्ति की क्या स्थिति है। उन्होंने उप नगर आयुक्त से जानना चाहा कि नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में नालों और नालियों की सफाई के लिए, सड़कों पर झाड़ू लगाने और सड़कों से कचरा उठाने के लिए कितने ठेकेदार बहाल किए हैं। इन ठेकेदारों को कितने मजदूर सफाई कार्य के लिए आवंटित किए गए हैं।

मर गए पशुधन योजना में बांटे गए बकरे, सप्लायर पर होगी कार्रवाई

सांसद की अध्यक्षता में हुई 'दिशा' की मीटिंग, विकास कार्यों का खींचा गया खाका

PHOTON NEWS JSR : सांसद बिद्युत बरण महतो की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बांटे गए बकरों की मौत का मामला छाया रहा। मीटिंग में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस योजना में ग्रामीणों को बांटे गए बकरे मर गए हैं। कई बकरों की मौत से लाभुकों को काफी नुकसान हुआ है। इस पर बकरों के सप्लायर पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही लाभुकों को इस मामले में इंश्योरेंस क्लेम दिलाया जाएगा। यह क्लेम जिला प्रशासन दिलाएगा, ताकि लाभुकों के नुकसान की भरपाई हो सके। सप्लायर से जवाब भी तलब किया गया है कि किन हालात में बकरों की मौत हुई है। इस मामले की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। इस बैठक में जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में विधायकगण, जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में प्रमुख रूप से पेयजलापूर्ति, विद्युत, शिक्षक प्रतिनियुक्ति, विद्यालयों में बीपीएल छात्रों का नामांकन, बाउंड्रीवॉल निर्माण, सड़क-नाली निर्माण और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सांसद ने इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारियों से जनहित की योजनाओं को शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने की अपील की।

समाहरणालय सभागार में उपस्थित (दाएं से) विधायक सरयू राय, सांसद बिद्युत बरण महतो, डीसी अनन्य मित्तल व अन्य

स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित

शिक्षक प्रतिनियुक्ति के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कई ग्रामीण विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात असंतुलित है, जिससे बच्चों को शिक्षा में परेशानी हो रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी और जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां पदस्थापन किया जाएगा। आयुष्मान योजना के तहत इलाज न मिलने की शिकायतों पर सिविल सर्जन ने बताया कि राज्य स्तर पर बकाया भुगतान के लिए पत्राचार किया गया है और पात्र मरीजों का इलाज जारी रखा जा रहा है। इसके अलावा, चिकित्सकों की कमी को लेकर भी विज्ञापन जारी कर अस्थाई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मीटर रीडिंग लेने नहीं पहुंच रहे बिजली कर्मी

बैठक में पेयजलापूर्ति की योजनाओं पर गहरी चर्चा हुई। सांसद महतो ने निर्देशित किया कि पाइपलाइन जलापूर्ति, सोलर जलमीनार और चापाकल जैसे जलसंसाधन की योजनाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण किया जाए, ताकि इन योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचे। जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की रुकावट को तत्काल दूर करने का निर्देश भी दिया गया। विद्युत समस्याओं पर भी चर्चा की गई, जहां जनप्रतिनिधियों ने अनियमित मीटर रीडिंग और जर्जर पोल के मुद्दे उठाए। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इन समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं को तकनीकी कारणों से बिल नहीं मिल पा रहा था, उन्हें जल्द ही बिल उपलब्ध कराए जाएंगे। मीटिंग में सांसद ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी घरों में मीटर रीडिंग लेने समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। मीटर रीडिंग अनियमित तौर से हो रही है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। शिकायत आ रही है कि मीटर रीडिंग लेने जाने वाले कर्मचारी लोगों से झगड़ा भी कर रहे हैं। यह मुद्दा सांसद ने दिशा की मीटिंग में उठाया और बिजली विभाग के अधिकारियों से हालात सुधारने को कहा है।

सीओ ने कहा-डाकबंगला में लगाएं दुकान, वरना होगी कड़ी कार्रवाई

PHOTON NEWS GHATSILA : अनुमंडल प्रशासन की ओर से घाटशिला मुख्य शहर को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर सख्त हो गया है। प्रशासन द्वारा सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को 25 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया था। इस बीच कुछ दुकानदारों ने फुटपाथ पर से दुकान हटा लिया था, तो कुछ ने नहीं हटाया। कुछ दुकानदारों ने सोमवार को पुनः मुख्य सड़क के किनारे दुकान लगा दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर सीओ निशात अंबर दल-बल के साथ पहुंचीं। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि प्रशासन किसी भी हाल में फुटपाथ पर अब दुकान नहीं लगाने देगा। गोपालपुर फाटक से राम मंदिर तक जो भी सड़क किनारे दुकान लगाते हैं, चाहे वह सब्जी की हो या किसी अन्य खानपान की, सभी के लिए डाक बंगला मैदान अलॉट किया गया है। वहीं जाकर दुकान लगाएं। आज उन्हें चेतावनी देने आए हैं। अगली बार दुकान लगाते पकड़े गए तो उन पर सीधी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकान लगाकर समान बेचते हैं और ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही लगा देते हैं। इससे हमेशा सड़क जाम की स्थिति बन जाती है, इसलिए सभी लोग जाकर डाकबंगला में दुकान लगाएं।

दुकानदारों को चेतावनी देतीं सीओ निशात अंबर ● फोटोन न्यूज

टाटा लीज नवीकरण कमेटी में विस्थापितों ने मांगी भागीदारी

JAMSHEDPUR : झारखंड मूलवासी अधिकार मंच ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनसे टाटा लीज नवीकरण के लिए गठित कमेटी में विस्थापितों को भागीदार बनाने की मांग रखी। मंच के मुख्य संयोजक हरमोहन महतो ने कहा कि प्लीज नवीकरण कमेटी को पहले भंग किया जाए। इसके बाद उसमें विस्थापितों का भी जोड़ा जाए, ताकि कंपनी, एयरपोर्ट और डिमना डैम से विस्थापित भी अपनी मांग सरकार व कंपनी के समक्ष इस दौरान प्रहलाद गोप, उत्तम प्रधान, नरसिंह गौड़, सुनील हेंब्रम, हिमांशु सिंह आदि भी उपस्थित थे।

मानगो से किशोरी लापता, पुलिस बोली- कुंभ नहा रही आपकी बेटी

JAMSHEDPUR : मानगो के अपना बसेरा सोसाइटी से शनिवार की रात करीब 2 बजे 13 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उलीडीह थाना में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने 12 घंटे बाद कहा कि यह मामला उलीडीह नहीं, मानगो थाना क्षेत्र का है। परिजनों ने इसके बाद मानगो थाना में शिकायत दी, जहां पुलिस ने उन्हें बताया कि थानेदार शाम 7 बजे आएंगे और फिर मामले की जांच शुरू करेंगे। शाम 7 बजे जब परिजन थाना गए, तो पुलिस ने बताया कि लड़की का लोकेशन घाटशिला में है। हालांकि, काफी खोजबीन करने के बाद भी लड़की का कोई पता नहीं चला। अगले दिन जब लड़की के पिता मानगो थाना गए, तो थाना में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि उनकी बेटी कुंभ नहा रही है। यह सुनकर परिजन खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगे और पुलिस के बर्ताव से निराश हो गए। बता दें कि शनिवार की रात को जब बच्ची की बड़ी बहन सो रही थी, तो उसने देखा कि छोटी बहन का दरवाजा बाहर से बंद था। उसने यह सोचकर अपने पिता नीरज पाठक को फोन किया कि शायद उसकी छोटी बहन दरवाजा बंद करके पिताजी के साथ सोने चली गई होगी। लेकिन जब नीरज पाठक ने अपनी बेटी को ढूंढा, तो वह घर में नहीं मिली।

पत्रकारों को जानकारी देते माता-पिता

गोविंदपुर की दयाल सिटी में चार फ्लैटों में लाखों की चोरी

घर में बिखरे सामान ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : गोविंदपुर थाना क्षेत्र की दयाल सिटी कॉलोनी में रविवार की रात चोरों ने चार फ्लैटों को निशाना बनाया। चोरों ने इन फ्लैट्स से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुराई। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घटनास्थल का जायजा लिया और चोरों की तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर बाउंड्री फांद कर कॉलोनी में घुसे थे। दयाल सिटी के हरिकिशन ब्लॉक के डी-1 फ्लैट के मालिक जीतन कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने फ्लैट का ताला बंद कर टेल्को गए थे। सुबह उनके पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। पंकज कुमार तिवारी और विमल कुमार के फ्लैट्स को भी चोरों ने निशाना बनाया। पंकज कुमार तिवारी अपने रिश्तेदार की शादी में बाहर गए हैं। विमल कुमार भी मुंबई गए हैं। दोनों को फोन से घटना की सूचना दे दी गई है।

आवासीय विद्यालय से कक्षा तीन का छात्र 7 दिन से लापता

GHATSILA : राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय ऊपरपावड़ा, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम से 20 जनवरी को कक्षा तीन का छात्र सुशील मुर्मू (10 वर्ष) दाहीगोड़ा गांव निवासी लापता है। इस संबंध में 25 जनवरी को छात्र की मां रायमनी मुर्मू को बेटे के लापता होने की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत को बताया। विधायक प्रतिनिधि व झामुमो नेता रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे स्कूल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य काली चरण स्वांसी व वार्डन एस सरवन कुमार से पूछताछ की। उन्होंने वार्डन को फटकार लगाते हुए घटना की जानकारी घाटशिला थाना को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने जांच-पड़ताल करने की बात कही। छात्रावास में रहने वाले बच्चों से भी अलग-अलग पूछताछ की गई। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि यह स्कूल प्रबंधन की पूरी तरह लापरवाही को दर्शाता है।

मानगो शहरी जलापूर्ति योजना के लिए जलमीनार का उद्घाटन

सतनाला से लाइए मानगो तक पानी, सौ साल तक नहीं होगी कमी : सरयू

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य फेज-2 के तहत जलमीनार का उद्घाटन किया। इस दौरान सरयू राय ने कहा कि वह पहले भी कहते रहे हैं कि सतनाला डैम से पानी लाकर मानगो में जलापूर्ति करने में बहुत ज्यादा खर्च नहीं है। यह खर्च न के बराबर ही होगा। सिर्फ एक टंकी बनानी होगी। सरकार अगर प्रस्ताव को हरी झंडी दे दे, तो दो माह में ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य हो जाएगा और पेयजलापूर्ति छह माह के भीतर ही शुरू हो जाएगी। विधायक ने कहा कि अगर सतनाला डैम से मानगो के लिए पानी की व्यवस्था कर दी जाए, तो मानगो से लेकर घाटशिला तक अगले सौ साल तक के लिए पेयजल की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सतनाला से जो पानी मानगो में आएगा, वह पर्याप्त मात्रा में आएगा और उसकी शुद्धता भी ज्यादा होगी। श्री राय ने घोषणा की कि अगर सरकार उनके इस प्रस्ताव को नहीं मानती है तो वह मानगो की जनता को साथ में लेकर सरकार पर दबाव बनाएंगे। सरयू राय ने कहा कि आज जिस पानी टंकी का उद्घाटन हुआ है, वह दरअसल एक महत्वाकांक्षी योजना का छोटा हिस्सा था। हम लोगों ने 2018 में इसका शिलान्यास किया था और उम्मीद की थी कि वन विभाग से एनओसी लेने के बाद निर्माण कार्य दो साल के भीतर पूर्ण हो जाएगा।

जलमीनार के पास उपस्थित विधायक सरयू राय व अन्य ● फोटोन न्यूज

सभी सरकारी विभागों-कंपनियों व संस्थानों में भी दी गई राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

गोपाल मैदान में मंत्री रामदास सोरेन ने किया झंडोत्तोलन

PHOTON NEWS JSR : 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में हुआ। समारोह में स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं परेड की सलामी ली।

समारोह में उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, परियोजना निदेशक-आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, पुलिस अधीक्षक-ग्रामीण ऋषभ गर्ग, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार शिवाशीष, प्रोबेशनर आईपीएस ऋषभ त्रिवेदी समेत जिलास्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय को सम्मानित करते मंत्री रामदास सोरेन

मंत्री ने राष्ट्र की सेवा में वीरता पुरस्कार प्राप्त छह सैनिकों एवं उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इनमें एयर कमोडोर बीएस मारवा, वायु पदक (वीरता), कर्नल अरूप रतन बसु, युद्ध सेवा पदक (वीरता), कर्नल राजेश सिंह, शौर्य चक्र, सेना पदक (वीरता), जूनियर वारंट ऑफिसर मोहम्मद जावेद, शौर्य चक्र तथा सिपाही गणेश हांसदा, सेना पदक (मरणोपरांत), सिपाही दिलीप बेसरा, सेना पदक (मरणोपरांत) के परिजन शामिल थे। झारखंड आंदोलनकारियों व उनके परिजनों को भी मंत्री ने सम्मानित किया।

परेड में एनसीसी (बालिका) व झांकी में परिवहन विभाग प्रथम

परेड का प्रदर्शन एवं झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। परेड में 8 टुकड़ियां शामिल हुईं, जिसमें एनसीसी बालिका को प्रथम, जिला सशस्त्र पुलिस (पुरुष) को द्वितीय तथा जिला सशस्त्र पुलिस (महिला) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं झांकी में प्रथम स्थान परिवहन विभाग, द्वितीय स्थान सिविल डिफेंस तथा तृतीय स्थान कल्याण विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

घाटशिला में दी गई राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

GHATSILA : प्रखंड क्षेत्र के शहरी तथा ग्रामीण इलाके में रविवार को धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। घाटशिला प्रखंड का मुख्य समारोह राज इस्टेट मैदान में हुआ, जहां अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में आईसीसी कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्याम सुंदर सेठी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों तथा पुलिस जवानों ने परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्कूली बच्चों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। लोगों को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल में चल रही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं आईसीसी के ईडी ने एचसीएल-ईसीसी कंपनी की उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सांसद व मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इनके प्रयास से बंद पड़ी सुरदा माइंस खोली गई तथा अन्य बंद माइंस को खोलने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके अलावा सोना देवी विश्वविद्यालय में कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने ध्वज फहराया। सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

गम्हरिया में वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

JAMSHEDPUR : सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति परमानंद टुडू गम्हरिया के मातकमडीह का रहने वाला था। उसकी उम्र 45 साल के आसपास बताई जा रही है। परमानंद टुडू कपड़ा सिलाई करता था। वह घर से मेला जाने के लिए निकला था। रास्ते में उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। काफी देर बाद राहगीरों ने उसे अस्पताल भेजा। यहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल से मृतक की क्षतिग्रस्त बाइक भी बरामद हो गई है। मृतक के दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

टोल ब्रिज के पास मिला युवक का शव

JAMSHEDPUR : कदमा थाना क्षेत्र में टोल ब्रिज के पास खरकई नदी से रविवार की रात मनोज पात्रो नामक युवक का शव मिला था। सोमवार को पुलिस ने शीत गृह से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कदमा पुलिस ने सोमवार को बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा कि व्यक्ति की हत्या की गई है या फिर कोई अन्य मामला है। मनोज पात्रो सोनारी के खूंटाडीह का रहने वाला था। पुलिस ने शव को एमजीएम अस्पताल के शीत गृह में रखवा दिया था।

BRIEF NEWS

स्कूल में जलेबी नहीं बंटने पर नाराज अभिभावकों ने एचएम का किया घेराव

BANKA : बिहार के बांका में जलेबी को लेकर बवाल देखने को मिला। जिले के अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित सरकारी विद्यालय में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर जलेबी नहीं बांटी गई। जिससे नाराज ग्रामीणों ने आज यानी 27 जनवरी को स्कूल पहुंचकर हेड मास्टर का घेराव किया। लोगों का आरोप है कि हेडमास्टर ने सरकार की ओर से आवंटित पैसे से जलेबी नहीं खरीदकर अपने पॉकेट में पैसे रख लिए। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने हेडमास्टर से तल्ख लहजे में पूछा कि जब 26 जनवरी को सरकार की ओर से बच्चों को जलेबी बांटने के लिए राशि का आवंटन होता है तो फिर जलेबी क्यों नहीं बांटी गई? नाराज लोगों ने हेडमास्टर और अन्य शिक्षकों पर बच्चों के साथ सही बर्ताव नहीं करने का भी आरोप लगाया है।

यूनिवर्सिटी में सरस्वती पूजा के चंदे पर बवाल

MUZAFFARPUR : मुजफ्फरपुर के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विवि (बिहार यूनिवर्सिटी) में सोमवार को सरस्वती पूजा के चंदे को लेकर जमकर बवाल हो गया। असामाजिक तत्वों ने सोशल साइंस विभाग परिसर में जमकर तोड़फोड़ की गई। इससे ब्लॉक के शीशे टूट गए। छात्रों ने कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। छात्रों के बीच जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई। इस दौरान एक छात्र घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद हंगामा कर रहे छात्र वहां से भाग गए। घायल छात्र राजू को अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बाहरी छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में पत्थरबाजी की। कुछ देर के लिए विश्वविद्यालय परिसर रणक्षेत्र बन गया। सोशल साइंस विभाग में भगदड़ सा माहौल बन गया। इस मामले पर विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

महाकुंभ से लौट रहा था मोतिहारी का एक परिवार

आगरा में भीषण सड़क हादसा, दो बच्चों सहित चार लोगों की गई जान

तेज धमाके के साथ कार के उड़ गए परखच्चे, घटना से गांव में मातम, परिजनों में मचा कोहराम

AGENCY MOTIHARI : महाकुंभ से लौट रहे लोगों के साथ आगरा में भीषण हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार डिवाइडर को पार करते हुए दूसरी लेन से आ रही मिनी ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार मिनी ट्रक के अंदर घुस गई। इससे कार सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। इनमें दो बच्चे शामिल हैं। हादसा फतेहाबाद क्षेत्र में सोमवार भोर में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली निवासी परिवार के साथ हुआ। हादसे का शिकार परिवार मूल रूप से बिहार के मोतिहारी का निवासी था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह परिवार प्रयागराज से कुंभ स्नान के बाद कार से वापस लौट रहा था।

सड़क हादसे में मृत परिवार के सदस्यों की फाइल फोटो।

एक्सप्रेस वे पर उनकी कार मिनी ट्रक (डीसीएम) से टकरा गई। हादसे में दिल्ली के उत्तमनगर निवासी ओमप्रकाश आर्या (41), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), पुत्री अहाना (12) और पुत्र विनायक (4) की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के अंदर पूरी तरह घुस चुकी थी। कार में दंपत्ति और उनके बच्चों के फंसे शवों को निकालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ओमप्रकाश आर्या मूल रूप से बिहार के मोतिहारी जिले के निवासी थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 31 किमी माइल स्टोन के पास हुआ। बताया गया है कि कार पहले डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार उछलकर एक्सप्रेस-वे की दूसरी लाइन में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक में ये कार तेजी से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तेज धमाके के साथ कार के परखचे उड़ गए। इधर, घटना की जानकारी मोतिहारी में मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। उनके पिता वीर श्मसेर सिंह सेवानिवृत शिक्षक हैं। वे सेवानिवृत होने के बाद घोड़ासहन में रहते हैं। जबकि बड़ा पुत्र अरविंद सिंह आदापुर में रहते हैं। जबकि मंझला भाई आनंद कुमार मोतिहारी शहर के मठिया में रहते हैं। तीन भाई में ओम प्रकाश आर्य सबसे छोटे थे। मां का देहांत हो चुका है। वहीं, चिरैया स्थित गांव पिरारी में परिवार का कोई सदस्य नहीं रहता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पिता अपने मंझले पुत्र के घर पर मोतिहारी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पुत्र से रात 12 बजे तक बात हुई। रात ढाई बजे पुलिस का घटना को लेकर फोन आया था। पूरा परिवार शोकाकुल है। शव पोस्टमार्टम के बाद मोतिहारी लाया जाएगा।

व्यापारी से 19 लाख की लूट कार चालक को मारी गोली

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

AGENCY NAWADA : बिहार के नवादा लूट की घटना सामने आयी है। बेखौफ अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए 19 लाख रुपये लूट लिए। इस घटना में एक पशु व्यवसायी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जिसे इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। यह घटना नवादा जिले के शाहपुर ग्राम के पास घटी है। गोलीबारी में जख्मी युवक की पहचान खगड़िया जिला के मानसी निवासी पशु व्यवसायी सरवर मास्टर के रूप में की गई है। घटना के बारे में पशु व्यवसायी ने बताया कि शाहपुर ग्राम के पास अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर पहले दहशत फैलाया फिर बोलेरो में से 19 लाख रुपये लूट ली। व्यवसायी के मुताबिक सभी लोगों के पैसे एक बैग में ही थे। बताया कि वे लोग हटिया आए थे और चाय पीने के बाद खरीद बिक्री कर रहे थे। इसी दौरान अपराधी फायरिंग करने लगे। फायरिंग से लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर रुपए लेकर फरार हो गए।

पहले पड़काया था नकली आईपीएस, अब फर्जी आईएएस साथियों के साथ गिरफ्तार

AGENCY DARBHANGA : बिहार में जब एक फर्जी कस्टम अफसर को पकड़ा गया था तब उसकी काफी चर्चा हो रही थी। अब बिहार पुलिस ने एक फर्जी आईएएस को पकड़ा है जो खुद को एडीएम बता रहा था। आरोप है कि यह एडीएम एक रिसॉर्ट में धौंस जमा रहा था। इस फर्जी एडीएम को पकड़ने के बाद अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने दरभंगा जिले से इस फर्जी एडीएम को पकड़ा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोनकी थाना क्षेत्र के दलान रिसॉर्ट में यह शख्स फर्जी एडीएम बनकर धौंस जमा रहा था। पुलिस ने फर्जी एडीएम समेत चार लोगों को पकड़ा है और तीन लोग मौके से फरार हो गए हैं। यह सभी देर रात नशे की हालत में एक रेस्टोरेंट में आए थे। पकड़े गए लोगों में से

एक शख्स खुद को समस्तीपुर का एडीएम बता रहा था। लेकिन रेस्टोरेंट के मालिक को उसपर शक हो गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फर्जी एडीएम और उसके कुछ साथियों को वहीं धर दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी हथियार के साथ पहुंचे थे। सोनकी थाना क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में आने के बाद इन सभी ने धौंस जमाने की कोशिश की थी। फर्जी एडीएम और उसके साथियों के धौंस दिखाने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि एक शख्स दलान रिसॉर्ट में अपने साथियों के साथ आया था। वो खुद को आईएएस अधिकारी बता रहा था और कहा रहा था कि उसकी पोस्टिंग अभी समस्तीपुर में है। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई और फिर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फर्जी एडीएम और उसके साथियों को पकड़ा। खुद को एडीएम बता रहे शख्स का नाम अभिनव कुमार बताया जा रहा है।

सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा देने का दिया गया निर्देश

NALANDA : भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन कड़े कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में नालंदा जिला प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर आदेश दिया है। निर्देश में सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा देना अनिवार्य किया गया है। साथ ही निर्देश में कहा गया है कि जो भी सरकारी कर्मी 31 जनवरी तक संपत्ति का विवरण नहीं देगा, उसकी वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। इस आदेश के बाद सरकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग के इस कदम का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों की आय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ भ्रष्टाचार पर नकेल कसना है। इससे यह स्पष्ट होगा कि सरकारी कर्मियों की आय का स्रोत वैध है। आपको बता कि जिले में लगभग 600 अधिकारी व 9400 सरकारी कर्मी शामिल हैं।

दलित होने के कारण विधायक को उद्घाटन करने से रोका, जाति सूचक गाली देने का आरोप

एमएलए ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर

AGENCY PATNA : गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को बिहार में एक दलित विधायक को जाति की वजह से अपमानित होना पड़ा है। ये आरोप खुद उन्होंने ही लगाया है। इसको लेकर उन्होंने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। मामला पटना जिले के फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र का है। सीपीआई माले विधायक गोपाल रविदास ने आरोप लगाया है कि रविवार को वह स्कूल की नई बिल्डिंग का उदघाटन करने गए थे लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने उनको उद्घाटन करने से रोक दिया। उनके लिए जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। दरअसल माले विधायक परसा बाजार थाने के कुरथौल में एक स्कूल की नई बिल्डिंग का उदघाटन करने गए थे। उसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने उनका विरोध शुरू कर दिया। भारी हंगामे के कारण स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई कि उनको वापस लौटना पड़ा। गोपाल रविदास

आरोप है कि इस दौरान न केवल उनके साथ धक्का-मुक्की की गई, बल्कि उनको जाति सूचक शब्द बोलकर अपमानित भी किया गया। अपने साथ हुई बदतमीजी से दुखी होकर विधायक गोपाल रविवाद ने परसा बाजार थाने में 4 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अपने आवेदन में गोपाल रविदास ने लिखा, 'मैं अपने कार्यकर्ताओ के साथ निर्धारित कार्यक्रम उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन करने के लिए जैसे ही स्कूल परिसर में पहुंचा। वहां पहले से स्कूल परिसर के अंदर बैठे पुन्नू सिंह, मिथिलेश सिंह और हंस राज हंस समेत अन्य 10 अज्ञात लोगों ने जाति शब्दों का उच्चारण चमार कहते हुए उद्घाटन कार्य करने नहीं दिया।

हाईवे पर अचानक टूटकर गिरा पेड़, स्कूल जा रही शिक्षिका की दर्दनाक मौत

MUZAFFARPUR : बिहार के मुजफ्फरपुर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में स्कूल जा रहीं शिक्षिका की मौत हो गई। शिवहर स्टेट हाइवे पर गंगासागर पुल से पीछे सड़क किनारे एक ट्रक ने पेड़ पर टक्कर मार दी। इससे पेड़ की एक डाली अचानक सड़क पर आ गिरी। हाइवे से गुजर रही एक बाइक इसकी चपेट में आ गई। बाइक पर सवार शिक्षिका विशाखा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हेडमास्टर फूल कुमार घायल हो गए। यह घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। यह हादसा सोमवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। हेडमास्टर औ शिक्षिका बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरपुर से तालीमपुर मद्य विद्यालय जा रहे थे। स्कूल के शिक्षक शंभू कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे पेड़ में ठोकर मार दी। पेड़ की एक डाली शिक्षकों पर गिर गई। हादसे के बाद ट्रक तो आगे की ओर बढ़ता चला गया।

सीतामढ़ी में दबोचा गया रिश्वतखोर राजस्व कर्मी

निगरानी की गिरफ्त में आरोपी राजस्व कर्मचारी।

AGENCY SITAMARHI : निगरानी विभाग की टीम ने बिहार के सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत पुपरी अंचल के राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक भोगेन्द झा को 51,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई गयी थी। बताया था कि दाखिल खारिज करने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। विभाग ने अपने स्तर से इसका पता किया। इसमें रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया। इसी आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। सोमवार की सुबह निगरानी की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही पीड़ित ने राजस्व कर्मी को रिश्वत दी, तभी टीम ने उसे दबोच लिया। उसे गिरफ्तार कर अपने साथ पटना लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि राजस्व कर्मी से पटना में पूछताछ की जायेगी। विदित हो कि कुछ माह पूर्व निगरानी विभाग ने मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी अंचल के तत्कालीन सीओ पंकज कुमार को भी 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

जमीन विवाद में दबंगों ने पत्नी के सामने पति को हथियार से काट डाला

PURNIYA : बिहार के पूर्णिया में जमीन विवाद में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। घटना जिले के सरसी थाना क्षेत्र के कुशहा गांव की है। मृतक की पहचान कुशहा गांव निवासी बुच्चाई मुर्मू के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस छानबीन कर रही है। परिजन बताते हैं कि बुच्चाई मुर्मू की हत्या जमीन विवाद में की गयी है। शव का पोस्टमार्म कराने के लिए पहुंचे भगवान मुर्मू ने बताया कि किस तरह बेरहमी से बुच्चाई मुर्मू की हत्या गांव के ही दबंगों ने कर दी। हालांकि भगवान मुर्मू ने घटना के कराण का पता नहीं होने की बात कही। उसने बताया कि गांव के ही रवीश और शंकर घर में घुसकर मारपीट की। धारदार दबिया से बुच्चाई मुर्मू के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। सिर में काफी जगह जख्म होने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिगड़ी तबीयत

गवर्नर के गणतंत्र दिवस भोज में नहीं हुए शामिल

AGENCY PATNA : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब हो गई है। गणतंत्र दिवस के मौके पर राजभवन में आयोजित राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के भोज में सीएम रविवार को शामिल नहीं हुए। इस वजह से उनकी प्रगति यात्रा भी स्थगित कर दी गई है। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार सेहत पूरी तरह ठीक नहीं होने के बाद भी नीतीश कुमार गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने गांधी मैदान गए थे, लेकिन वहां उन्हें तबीयत में ज्यादा खराबी और काफी कमजोरी महसूस होने लगी। उसके बाद सीएम आवास में लौटने के बाद वे डॉक्टरों की देख-रेख में आराम कर रहे हैं। जेडीयू के एक सूत्र ने दावा किया है कि सीएम नीतीश कुमार मौसमी बुखार से पीड़ित हैं। उम्मीद है कि कुछ दिन आराम करने के बाद उनकी सेहत ठीक हो जाएगी। सीएम नीतीश रविवार

राज्यपाल से मुलाकात करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। (फाइल फोटो)

को गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर महादलित टोला में आयोजित समारोह में भी नहीं गए थे। सीएम नीतीश सोमवार को प्रगति यात्रा के तहत पूर्णिया जिले का दौरा करने वाले थे। सेहत ठीक नहीं होने के चलते इस कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है। कैबिनेट सचिवालय विभाग ने एक पत्र जारी किया जिसमें कहा गया कि सोमवार से शुरू होने वाली मुख्यमंत्री की राज्यव्यापी ह्यप्रगति यात्राह्ल का अगला चरण अपरिहार्य कारणों से पुनःनिर्धारित किया गया है। सीएम नीतीश अब 28 जनवरी को पूर्णिया का दौरा करेंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वे 29 को कटिहार और 30 जनवरी को मधेपुरा जाएंगे।

पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल आरिफ खान ने फहराया तिरंगा

PATNA : 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर रविवार को गांधी मैदान पटना गांधी मैदान में बिहार के रज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने झंडोत्तोलन किया जाएगा। मुख्य राजकीय कार्यक्रम गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। गांधी मैदान में सुबह 8।45 बजे के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन हुआ। 8।47 बजे महामहिम राज्यपाल गांधी मदान पहुंचे। परेड के समापन के बाद झांकियों का प्रदर्शन हुआ। 15 विभागों की ओर से झांकियां प्रदर्शित की गईं। 35 मिनट तक झांकियां दिखाई गईं। इसके बाद राष्ट्रीय धुन के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने गांधी मैदान से राज्य की जनता को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और संबोधित किया। राज्यपाल ने आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रदेश में विकास की योजनाओं की जानकारी दी।

खुशखबरी : लंबे समय से चली आ रही मांग को मिली मंजूरी, जाम से मिलेगी निजात

गया में जल्द होगा ओवरब्रिज का निर्माण

AGENCY GAYA : गया जिले के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग बेलागंज प्रखंड के रिसौंध में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। जीतन राम मांझी ने कहा कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सहयोग से इस परियोजना को मंजूरी मिली है। जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यगया जी के लिए एक और खुशखबरी। हमारे गया जी के बेलागंज प्रखंड की जनता के आदेश के आलोक में रिसौंध में रेलवे ओवरब्रिज

निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। मेरे लोकसभा चुनाव के दौरान यहां की जनता ने ओवरब्रिज नहीं बनने के कारण वोट का बहिष्कार किया था, तब मैंने वहां पहुंचकर स्थानीय लोगों से वादा किया था कि मेरे चुनाव जीतने के एक साल के अंदर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। अश्विनी वैष्णव जी आपका धन्यवाद। गया जी की जनता आपकी आभारी रहेगी।ह्ल इस पोस्ट के साथ केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उन्हें लिखे गए पत्र की कॉपी शेयर की है। इस पत्र में अश्विनी वैष्णव ने लिखा है, ह्यजीतन राम मांझी जी, कृपया अपने पत्र दिनांक 02।07।2024 का संदर्भ लें, जो गया के रिसौंध गांव में जन सुविधा के लिए ओवरब्रिज निर्माण के संबंध में है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि उक्त स्थान पर एफओबी के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है।ह्ल इस ओवरब्रिज के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा रेलवे क्रॉसिंग से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। बेलागंज प्रखंड के लोग लंबे समय से इस परियोजना की मांग कर रहे थे।

पटना में एफसीआई कर्मी की गोली मारकर हत्या

PATNA : बिहार की राजधानी पटना में अपराधियों ने एक और बड़ी घटना को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी है और पुलिस को खुली चुनौती देते दिख रहे हैं। ताजा मामला पटना के मनेर थाना क्षेत्र का है, जहां को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मनेर थाना क्षेत्र छितनावा गांव के खेत के बधार में रविवार की देर रात एक व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने देखा। शव की सूचना आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। लोगो की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी मनेर थाना को दी। सूचना पाकर मनेर थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर बगीचा निवासी 45 वर्षीय राजदेव राय के रूप में हुई है।

नशे की हालत में थे एचएम, आए थे झंडा फहराने, उठा ले गई पुलिस

AGENCY MUZAFFARPUR : बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से गणतंत्र दिवस पर एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने शराबबंदी की हकीकत को बेनकाब कर दिया। जिले की एक सरकारी स्कूल में हेडमास्टर खुद शराब के नशे में धुत होकर स्कूल में झंडा फहराने चले गए। हेडमास्टर साहब की स्थिति ये रही कि ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे और बोलने में परेशानी हो रही थी। उसके बाद जब ग्रामीणों ने ये हालत देखी तो पुलिस को इसकी सूचना दे दी। पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धर्मपुर पूर्वी का बताया जा रहा है। इस स्कूल के हेडमास्टर संजय कुमार सिंह को पुलिस ने शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है। चार सालों से संजय कुमार सिंह इस स्कूल के हेडमास्टर हैं। 26 जनवरी के दिन

स्कूल में झंडा फहराने के लिए पहुंचे थे। शराब के नशे में हेडमास्टर साहब की इस स्थिति को देखकर स्कूल के शिक्षक और छात्र चौंक गए। स्थानीय लोगों ने जब नशे में लड़खड़ाते देखा तो हेडमास्टर के नशे की जानकारी स्थानीय थाना रामपुर हरि थाना को सूचना दिए। पुलिस कार्रवाई करते हुए राजकीय मध्य विद्यालय धर्मपुर पूर्वी मीनापुर मुजफ्फरपुर के प्रिंसिपल संजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में विधायक मुन्ना यादव ने भी इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि इस घटना ने शराबबंदी के मुद्दे को एक बार फिर से लोगों के सामने लाकर रख दिया है।

आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की मजबूती

